तापमान
अधिकतम 13 .2 डिग्री
न्यूनतम 9 .0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 जनवरी 2024

11 निकाय मंत्री ने रखी देश के सबसे अत्याधुनिक ग्रीन इको फ्रेंडली श्मशान घाट की आधारशिला



12 नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ चालकों का प्रदर्शन



# नववर्ष 2024 में करोड़ों के प्रोजेक्ट चढ़ेंगे परवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

जिले में करोड़ों के कई महत्वाकांक्षी प्रोजेक्टों पर कार्य चल रहा है। महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट विस्तारीकरण के दूसरे चरण का कार्य, हांसी-महम रेलवे लाइन पर यात्री रेलगाड़ियों का संचालन, लुवास कैंपस, सूर्य नगर फाटक पर आरओबी व आरयूबी, सातरोड रेलवे लाइन के पास आरओबी, आदमपुर में दड़ौली रोड़ स्थित रेलवे फाटक नंबर 114 पर आरओबी, हिसार-तोशाम रोड़ का निर्माण समेत कई बड़े प्रोजेक्ट नववर्ष 2024 में पूरे होंगे और कई प्रोजेक्ट परवान चढ़ते नजर आएंगे। इन प्रोजेक्टों के पूरे होने से जिलावासियों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी फायदा पहुंचेगा।



## 10 हजार फुट रनवे बनकर तैयार

वर्ष 2024 की शुरुआत में महाराजा अग्रसेन इंटीग्रेटेड एविएशन हब के निमार्णाधीन रनवे 10 हजार फुट का हो जाएगा, जोकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के अनुरूप है। तीन चरणों में एयरपोर्ट का विकास होना है। इसका पहला चरण पूरा हो चुका है और एयरपोर्ट पर दूसरे चरण का कार्य लगभग पूरा होने को है।







हिसार। महाराजा अग्रसेन इंटीग्रेटेड एविएशन हब व निमार्णाधीन रनवे। फोटो : हरिभूमि

## हांसी-महम के बीच दौड़ेंगी यात्री ट्रेनें

करीब 13 साल बाद हांसी-महम-रोहतक रेलवे लाइन पर यात्री रेलगाड़ियों की सीट बजती सुनाई देगी। रेललाइन का काम पूरा हो चुका है और वर्तमान में मालगाड़ी का आवागमन शुरू कर दिया गया है। इसका शिलान्यास 2013 में हुआ और जमीन अधिग्रहण का कार्य 2014 में। आरंभिक लागत 287 करोड़ रुपये आई थी, इसपर 755 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। लोगों को अब इस नई रेलवे लाइन पर ट्रेनों के दौड़ने का इंतजार है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2024 में रेलवे लाइन पर ट्रेनें दौड़ेंगी।

## हिसार-मंगाली-स्याहड़वा फोनलेन

हिसार-मंगाली-स्याहड़वा को फोनलेन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस सड़क पर करीब 1552.040 लाख रुपये खर्च होंगे। वर्ष 2024 में इसका निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद है। इसके निर्माण से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

## हिसार रेलवे स्टेशन का होगा कायापलट

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हिसार रेलवे स्टेशन का भी कायापलट किया जाने है। प्रथम चरण में करोड़ों की लागत से हिसार रेलवे स्टेशन दोनों तरफ के गेटों, पार्किंग, वेटिंग हॉल समेत अन्य कार्य प्रगति पर है। स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। नववर्ष में हिसार रेलवे स्टेशन बदला-बदला नजर आएगा।

## नववर्ष में बनेगी हिसार-तोशाम सड़क

जर्जर हो चुके हिसार-तोशाम सड़क मार्ग का नववर्ष में निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण पर साढ़े 36 करोड़ रुपये की लागत आएगी। रोड निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और नववर्ष में रोड बनकर भी तैयार हो जाएगा। बता दें कि हिसार-तोशाम सड़क मार्ग के निर्माण की मांग कई वर्षों से उठ रही है।



*नववर्ष 2024 में हिसारवासियों को अनेक बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेंगी। जिले में चल रहे विकास प्रोजेक्टों को लेकर निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री इस्तेमाल करने के साथ-साथ निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी गई है। सभी निर्माण कार्यों की समय-समय पर निगरानी की जा रही है। -उत्तम सिंह, उपायुक्त, हिसार*

रेलवे जंक्शन





निर्माणाधीन सूर्यनगर ओवरब्रिज



## तलवंडी से मिर्जापुर होते हुए दिल्ली रोड तक बनेगा रिंग रोड

प्रशासन द्वारा हवाई अड्डे के निर्माण के चलते पुराने तलवंडी मार्ग को बंद किया गया था। अब इस क्षेत्र के लोगों को हिसार आने के लिए अगले तीन माह में छोटा रास्ता बना दिया जाएगा। इसके अलावा तलवंडी रोड से मिर्जापुर होते हुए दिल्ली रोड तक रिंग रोड़ की संपर्क योजना बना दी गई है। इस मार्ग को एनएचएआई बनाएगा। इसके पश्चात हिसार के चारों तरफ दो तिहाई भाग को कनेक्ट कर दिया जाएगा। मुकलान नेशनल हाइवे से सातरोड नेशनल हाइवे को भी जोड़ा जाएगा।

## सातरोड आरओबी का निर्माण होगा पूरा

दक्षिणी पेरिफेरल रोड पर सातरोड गांव के समीप बालसंमद डिस्ट्रीब्यूट्री के साथ रेलवे ओवरब्रिज का काम तेज गति से जारी है। इसका शिलान्यास डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने किया था। इसके निर्माण कार्य पर 34 करोड़ रुपये की लागत आएगी। रेलवे ओवरब्रिज के बनने से दक्षिणी बाइपास पर सफर और अधिक सुगम हो जाएगा। नववर्ष में आरओबी को जनता को समर्पित किया जाएगा।

## सूर्य नगर फाटक पर आरओबी व आरयूबी

सूर्य नगर फाटक निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज व अंडरब्रिज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि मई में ओवरब्रिज और दो अंडरब्रिज का कार्य पूरा हो जाएगा। इस पर करीब 48 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह ओवरब्रिज करीब 1.2 किलोमीटर लंबा होगा। इस पर बनने वाली सड़क की चौड़ाई साढ़े 10 मीटर होगी। सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ बनाया जाएगा। यह ओवरब्रिज जिंदल चौक से करीब 50 मीटर पहले शुरू होकर सेक्टर 1-4 के मोड़ तक बनाया जाएगा।

## नववर्ष में लुवास को मिलेगा नया कैंपस

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के लगभग 1125 एकड़ भूमि में नए कैंपस परिसर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह कार्य नववर्ष 2024 में पूरा होने की उम्मीद है। नए कैंपस के लिए सरकार द्वारा 600 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत है, जिसमें वेटरनरी कॉलेज, डायग्नोसक फ्री स्मॉल एनिमल हाउस, वैक्सीनेशन इंस्टीट्यूट, मिल्किंग पार्लर, ऑडिटोरियम, इनडोर स्टेडियम आदि का निर्माण कराया जाएगा। उम्मीद है कि नए वित्त वर्ष से पहले लुवास का प्रशासनिक कार्यालय नई भवन में शिफ्ट हो जाएगा।

## अन्य प्रमुख परियोजनाएं

- दड़ौली रोड़ स्थित रेलवे फाटक नंबर 114 पर आरओबी का निर्माण नववर्ष में पूरा हो जाएगा।
- गांव मय्यड़ में आयुष विभाग के अस्पताल का निर्माण कार्य नववर्ष में पूरा हो जाएगा।
- शहर में एलिवेटेड रोड की फिजिबिलिटी को जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जाइका) ने मंजूरी दे दी है। इस रोड़ पर 7 एंट्री तथा 7 निकासी होगी। हिसार लोकसभा क्षेत्र जल्द ही फाटक मुक्त हो जाएगा।
- बालसमंद रोड पर 46 करोड़ रुपये की राशि से हिसार नगर निगम सीमा से आर्य नगर होते हुए हिंदवान मोड़ तक की सड़क की फोरलेनिंग का कार्य किया जाएगा।
- 15 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से सातरोड़ की ओर से दक्षिण बाइपास का 21 किलोमीटर के मार्ग का सुधारीकरण किया जाएगा।
- करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से लाडवा से सुल्तानपुर मार्ग को चौड़ा करते हुए इसका मजबूतीकरण किया जाएगा।
- साढ़े 19 करोड़ रुपये की लागत से जींद-बरवाला रोड से राखीगढ़ी म्यूजियम तक की सड़क मार्ग पर कार्य होगा।
- 22 करोड़ रुपये की लागत से हांसी-सिसाय-लोहारी राघो-हैदरपुर तथा खेड़ी जालब सड़क मार्ग पर काम होगा।
- हिसार के लघु सचिवालय परिसर में अतिरिक्त प्रशासनिक ब्लॉक तथा पार्किंग स्थल के निर्माण पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।






# सर्द हवाओं ने छुड़वाई कंपकंपी, घरों में दुबके लोग

- फसलों पर पाला जमने की संभावना से घबराए धरती पुत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार





लगातार बढ़ रही सर्दी के सितम ने जहां आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है वहीं अब फसलों पर पाला जमने जैसी स्थिति बनती जा रही है। साल के अंतिम दिन जिले में धुंध का प्रकोप तो कम रहा लेकिन सर्द हवाओं ने कंपकंपी छुड़ा दी। लोग ठंड के चलते घरों में दुबक रहे और रविवार होने के कारण संड़कों व बाजारों में कम ही भीड़भाड़ नजर आई। रविवार को तापमान में गिरावट दर्ज की गई लेकिन धुंध दो तीन दिनों की अपेक्षा कम रही। कारण रहा कि मामूली हवाएं चलने के कारण धुंध का प्रभाव अधिक नहीं रहा लेकिन हवाओं ने कंपकंपी अवश्य छुड़वाए रखी। लगातार बढ़ रही सर्दी के कारण अब फसलों पर पाला जमने जैसी स्थिति बनती जा रही है। जहां धुंध व ओस को फसलों के लिए लाभदायक माना जा रहा है वहीं पाला जमने की संभावना के चलते किसान वर्ग के माथे पर चिंता की लकीरें हैं।

## आज से खुश्क रहेगा तापमान, रहेगी धुंध : खिचड़

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 29 से 31 दिसंबर के दौरान राज्य में बीच बीच में आंशिक बादलवाई रही व हवाएं भी चली। मौसम परिवर्तनशील रहने से इस दौरान दिन के तापमान में गिरावट तथा रात्रि तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से मौसम आमतौर पर खुश्क तथा सुबह के समय धुंध संभावित है।

## नारनौल रहा सबसे ठंडा क्षेत्र

राज्य का नारनौल सबसे ठंडा क्षेत्र दर्ज किया गया, जहां रविवार का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री दर्ज किया गया। भिवानी का 8.0 डिग्री, हिसार के बालसमंद का 8.1 डिग्री व फतेहाबाद का 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा हिसार व करनाल का तापमान 9.0 डिग्री, अंबाला का 8.4, सिरसा का 9.4, बावल का 9.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा अन्य जिलों का तापमान भी 9 से 11 डिग्री के आसपास रहा।

## भीनी धुंध के साथ हुआ नए साल का स्वागत

हिसार। सर्द हवाओं व भीनी-भीनी धुंध के साथ ही नव वर्ष का आगाज हुआ। शहर में विभिन्न स्थानों पर नव वर्ष उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। विभिन्न लोगों ने शहर के विभिन्न होटलों में नव वर्ष के कार्यक्रम रखे हुए थे। रात 12 बजते ही लोगों ने नए साल का स्वागत किया। उधर, पुलिस की भी हुड़दंगियों पर पैनी नजर रही। नव वर्ष का आगाज सर्द हवाओं व धुंध के साथ हुआ है। बीते साल के अंतिम दिन सर्द हवाएं चलने व नए साल की शुरुआत में ऐसा ही मौसम रहने के कारण भीनी-भीनी ठंड व धुंध के साथ नए साल का स्वागत किया गया। अधिकतर होटल नए साल के स्वागत में सजे हुए दिखाई दिए और लोगों को होटलों में आते-जाते देखा गया। उधर, नए साल पर किसी भी तरह के हुड़दंग को रोकने व नए साल पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी अलर्ट रही। पुलिस ने विभिन्न चौक चोराहों पर प्रबंध किया था। इसके अलावा जिले में विभिन्न स्थानों पर 27 अतिरिक्त नाके लगाकर पुलिस ने वाहन चालकों की जांच पड़ताल करने की तैयारी भी पूरी रखी।





# नगर परिषद हांसी ने 2023 में जमा किया ढाई करोड़ रुपये हाउस टैक्स व अन्य टैक्स

- हाउस टैक्स की छूट के आखिरी दो दिनों में आए सवा तीन लाख

हांसी। शहरी क्षेत्रों में आमजन में प्रोपर्टी टैक्स जमा करवाने की रुचि पैदा करने के लिए सरकार लगातार टैक्स पर छूट दे रही है। सरकार की तरफ से दी गई छूट का काफी लोगों ने लाभ उठाया। नगर परिषद हांसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर तक शहर लोगों ने टैक्स के रूप में करीब ढाई करोड़ रुपए जमा करवाएं गये हैं। जानकारी के अनुसार जनवरी से अक्टूबर तक कुल टैक्स देखे तो शहर निवासियों ने करीब 2 करोड रुपए जमा हुए थे। शहर में नगर परिषद के पास 45 हजार प्रापटी आईडी है जिनसे नगर परिषद 2023-24 के बजट के हिसाब से साढे तीन करोड़ रुपए का टारगेट रखा गया था। नगर परिषद के खजाना में अधिक राशि आती है और लोगों को भी इसका फायदा होता है। सरकार की तरफ से शहरी क्षेत्र में जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए नगर परिषद से एनओसी लेना अनिवार्य किया हुआ है।

***मकान-दुकान खरीदने के समय ही याद आता है टैक्स:*** शहर निवासी अपना मकान या दुकान खरीदते और बेचते समय ही प्रापटी टैक्स भरते हैं। क्यों कि नगर परिषद से नो ड्यूज लेना होता है। उसके बिना के प्रापटी की रजिस्ट्री नहीं हो सकती है। इसलिए लोग ऐसे समय में ही टैक्स जमा करवाते हैं। अन्यथा शहर निवासियों पर टैक्स जमा करवाने का अधिक दबाव नहीं होता है।

***नप की ओर से 31 दिसंबर तक थी टैक्स पर छूट:*** हरियाणा सरकार ने प्रापर्टी टैक्स की राशि 31 दिसंबर 2023 तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 15 प्रतिशत की छूट दी गइ थी। नप की ओर से प्रापटी टैक्स भरने की छूट के आखिरी दो दिनों में सवा 3 लाख रुपए आये है। रविवार को छूट के साथ टैक्स भरने की ओर से आखिरी दिन था। नप ने रविवार को भी प्रापटी टैक्स की ब्राच को खोला गया। शहरवासियों ने साल के अंतिम दो दिनों में टैक्स भरते हुए सुबह से शाम तक लगातार दो दिनों में सवा 3 लाख रुपए टैक्स अदा किया।







## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह मूंगफली तेल में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल कीमत में आये सुधार को छोड़कर बाकी सभी (सरसों,



सोयाबीन तेल-तिलहन, मूंगफली तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं एक्स-कांडला तथा बिनौला तेल) के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि दाम ऊंचे होने की वजह से बाजार में मूंगफली तेल की लिवाली कम है इसके चलते मूंगफली दाने की खरीद भी कम है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने एफडी की ब्याज दरें 1.25% बढ़ाईं

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने विभिन्न अवधि की सावधि जमाओं (एफडी) की ब्याज दरों को 1.25



प्रतिशत तक बढ़ाया है। इससे पहले, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने भी सावधि जमाओं पर ब्याज दरें बढ़ाई थीं। बीओबी ने एक बयान में कहा, 'विभिन्न अवधि की दो करोड़ रुपये तक की सावधि जमाओं पर ब्याज दर 0.01 प्रतिशत से 1.25 प्रतिशत तक बढ़ाई गई है।'

### शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से



1,29,899.22 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,133.3 अंक या 1.59 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स 28 दिसंबर को 72,484.34 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा।

### 2023 में 76 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई: सरकार

**नई दिल्ली।** इस साल 76 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई है। सरकार ने एक बयान में बताया कि इनमें से 30 खनिज ब्लॉकों की



खनन पट्टे के लिए नीलामी की गई और शेष 46 को समग्र लाइसेंस के रूप में बेचा गया। खनन पट्टे का मतलब खनन कार्य करने के उद्देश्य से दिया गया पट्टा है, जबकि समग्र लाइसेंस दो-चरणीय परिचालन अधिकार है जो खनन के उद्देश्य से और उसके बाद उत्पादन परिचालन के लिए दिया जाता है।

### मीशो ने पहली बार दर्ज किया मुनाफा

**नई दिल्ली।** सॉफ्टबैंक समर्थित मीशो ने कहा कि वह चालू वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज




करने वाली पहली ई-वाणिज्य यूनिकॉर्न बन गई है। कंपनी ने हालांकि जुलाई-सितंबर तिमाही में कितना मुनाफा हुआ, इसकी जानकारी नहीं दी। कंपनी का घाटा चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कम होकर 141 करोड़ रुपये रह गया।

### फर्स्टक्राई के आईपीओ में टाटा हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली।** दिग्गज उद्योगपति और टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड के आगामी आरंभिक




सार्वजनिक निर्गम में अपने सभी 77,900 शेयर बेचने पर विचार कर रहे हैं। ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड मां-बच्चों की देखभाल वाले उत्पाद मंच फर्स्टक्राई की मालिक है। रतन टाटा 2016 में शुरुआत में 66 लाख रुपये लगाकर कंपनी में निवेशक बन गए थे।

# नए वर्ष में निवेशकों को तोहफा, यूपीआई से खरीद सकेंगे सेकेंडरी मार्केट में शेयर

## दुनिया में पहली बार भारत में शुरू होगी यह सुविधा, एक जनवरी से सीमित ग्राहकों के लिए शुरू होगी सेवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) एक जनवरी 2024 को सेकेंडरी मार्केट के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई लांच करेगा। इसके बाद निवेशक यूपीआई के जरिए पेमेंट करके शेयर्स खरीद सकेंगे। अभी आईपीओ की बिडिंग में यूपीआई के जरिए पेमेंट कर पाते हैं। जब आईपीओ के लिए अप्लाई करते हैं, तो उसका पैसा इन्वेस्टर्स के अकाउंट में ही ब्लॉक हो जाता है और जब शेयर्स इश्यू होते हैं, तब अमाउंट डेबिट होता है। इसी तरह सेकेंडरी मार्केट यानी शेयर बाजार में यह सर्विस शुरू होने के बाद शेयर्स खरीदने पर उसका जितना भी अमाउंट होगा, वह आपके अकाउंट में ब्लॉक हो जाएगा। इसके बाद जब उसी दिन सेटलमेंट होगा, तो इन्वेस्टर्स के अकाउंट से पैसा डेबिट हो जाएगा। सेकेंडरी मार्केट में यूपीआई से खरीद-फरोख्त शुरू करने वाला भारत दुनिया का पहला देश होगा।

### ट्रांजैक्शंन की स्पीड बढ़ेगी

एनसीपीआई ने बताया कि क्लियरिंग कॉरपोरेशन, स्टॉक एक्सचेंज, डिपॉजिटरी, स्टॉकब्रोकर, बैंक और यूपीआई ऐप सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों के साथ मिलकर इक्विटी कैश सेगमेंट के लिए बीटा वर्जन में पेमेंट सर्विस पेश की जाएगी। शुरुआत में यह सर्विस सीमित ग्राहकों के लिए ही होगी। इस कदम से ट्रांजैक्शंस की स्पीड बढ़ जाएगी और भारत के स्टॉक एक्सचेंजों के लिए सेम डे सेटलमेंट करने में मदद मिलेगी।

### किसे होगा फायदा

शेयर बाजार में यह सर्विस शुरू होने के बाद स्टॉक्स खरीदने पर जितने पैसे लगेंगे, वह राशि निवेशक के अकाउंट में ब्लॉक हो जाएगी। इसके बाद जब उसी दिन सेटलमेंट होगा तो इन्वेस्टर्स के अकाउंट से पैसा कट जाएगा। अभी तक आईपीओ की बिडिंग में यूपीआई के जरिए पेमेंट करने की सुविधा है। एनपीसीआई ने बताया कि इस बीटा लांच को ब्रोकरेज ऐप 'ग्रो' फैसिलिटेट कर रहा है।




### फंड ब्लॉक करने की सुविधा ऑप्शनल है

फंड ब्लॉक करने की फैसिलिटी इन्वेस्टर्स के लिए ऑप्शनल है। यह सुविधा स्टॉकब्रोकर देगा। अगर इन्वेस्टर ने इस सुविधा का चयन किया तो ब्रोकर निवेशक के अकाउंट की डिटेल एक्सचेंजेज के साथ शेयर करेगा। बीएसई और एनएसई उस निवेशक के डेटा को क्लीयरिंग कॉरपोरेशन के साथ साझा करेंगे। यूपीआई गाइडलाइन्स के मुताबिक एक निवेशक अधिकतम पांच लाख रुपए ब्लॉक कर सकता है।

# सोने में चमक कायम, नए साल में 70,000 तक पहुंच सकता है दाम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पीली धातु की चमक नए साल 2024 में भी बनी रहेगी। अगले साल सोना 70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि रुपये की स्थिरता, भूराजनीतिक अनिश्चितता और धीमी वैश्विक आर्थिक वृद्धि के कारण नए साल में भी सोने का आकर्षण कायम रहेगा। फिलहाल जिंस एक्सचेंज एमसीएक्स में सोना 63,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 2,058 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास है। वहीं रुपया इस समय 83 प्रति डॉलर के पार पहुंच चुका है। दिसंबर की शुरुआत में वैश्विक तनाव की वजह से पश्चिम एशिया में सोने के दाम एक बार फिर चढ़ गए।

**नए साल में भी सोने का आकर्षण कायम रहेगा**

## वैश्विक तनाव की वजह से सोने के दाम एक बार फिर बढ़े

### सोना रिकॉर्ड 61,914 रुपए का भाव छू चुका

उभरते बाजार के कारोबारियों का अनुमान है कि ब्याज दर में बढ़ोतरी का चक्र कमोबेश समाप्त हो चुका है। घरेलू बाजार में चार मई को पीली धातु का भाव 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में यह 2,083 डॉलर प्रति औंस की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। बाद में 16 नवंबर को सोना 61,914 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया।



### केंद्रीय बैंकों की मांग हो सकती है अधिक

कोटक सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष - प्रमुख जिंस शोध रविंद्र राव ने कहा कि खुदरा आभूषण खरीदारी को भारत और चीन में उच्च घरेलू कीमतों से प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि मौजूदा रफ्तार जारी रहती है, तो केंद्रीय बैंकों की मांग पिछले साल के रिकॉर्ड से अधिक हो सकती है।

### हेजिंग के लिए सोने की भूमिका बढ़ी

इससे महंगाई के खिलाफ 'हेजिंग' के लिए सोने की भूमिका बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सितंबर तिमाही में सोने की कीमत पिछले साल से 12 प्रतिशत कम रही। वर्ष 2023 में सोने की मांग पिछले साल से थोड़ी कम 700-750 टन रहेगी।

### कारोबार कमोबेश 2022 जैसा ही रहेगा

ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव से बिक्री पर असर पड़ा है और 30-35 लाख शादियों के बावजूद इस साल पीली धातु का कारोबार कमोबेश 2022 जैसा ही रहेगा।

### सुरक्षित निवेश के रूप में सोना बना रहेगा

कॉमट्रेंड्ज रिसर्च के निदेशक ज्ञानशेखर त्यागराजन ने कहा, 'निवेश के सुरक्षित विकल्प के रूप में सोने का आकर्षण बरकरार है। यही वजह है कि इस साल चार दिसंबर को सोने का भाव 64,063 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार में यह 2,140 डॉलर प्रति औंस के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।'

### चुनावी साल में रुपया हो सकता है कमजोर

त्यागराजन ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि 2024 में अंततः यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2,400 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच जाएगा। वहीं घरेलू बाजार में सोना 70,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर जा सकता है।' उन्होंने कहा कि चुनावी साल में रुपया कमजोर हो सकता है। इससे घरेलू स्तर पर सोने के दाम बढ़ेंगे।

# अदाणी ने इस साल इक्विटी व बांड से 15 अरब डॉलर जुटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के समूह ने इस साल इक्विटी से पांच अरब अमेरिकी डॉलर (41,500 करोड़ रुपये) जुटाए और करीब इससे दोगुनी राशि बांड के जरिए हासिल की।

अमेरिकी शॉर्टसेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में समूह पर लगाए गए गंभीर आरोपों से उबरते हुए अदाणी ने निवेशकों का भरोसा साबित किया। अडाणी 2023 की शुरुआत में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर आदमी थे, हालांकि 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में उन पर आरोप लगाए जाने के बाद उनकी निजी संपत्ति लगभग 60 अरब ड्रॉलर घट गई।



अदाणी 2023 के शुरुआत में दुनिया के दूसरे बड़े अमीर

समूह ने सभी आरोपों से इनकार किया और अपनी रणनीति पर काम करते हुए वापसी की। अदाणी एक साल पहले अपनी संपत्ति से करीब 36 अरब अमेरिकी डॉलर पीछे हैं। वह अपने प्रतिद्वंद्वी अरबपति मुकेश अंबानी से 12 अरब अमेरिकी डॉलर पीछे हैं।

### अदाणी ग्रीन ने 1.36 अरब डॉलर जुटाए

अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के एक संघ से 1.36 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। एजीईएल के अनुसार मार्च 2021 में प्रारंभिक परियोजना वित्तपोषण के बाद से 1.36 अरब अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण से कंपनी का कुल कोष बढ़कर तीन अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# नए साल में ब्याज दर व चुनाव तय करेंगे शेयर बाजार की चाल

## निवेशकों के लिए वर्ष 2023 एक यादगार साल रहा, अगले 3 से 6 माह में सेंसेक्स व निफ्टी सात फीसदी चढ़ सकते हैं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक यादगार साल और निवेशकों को मिले शानदार मुनाफे के बाद भारतीय शेयर बाजार महत्वपूर्ण घटनाक्रमों से भरे 2024 में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। नए साल में शेयर बाजार की निगाह ब्याज दरों के साथ लोकसभा चुनाव और भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रहेगी।

विश्लेषकों का मानना है कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी जारी रहेगी और अगले 3-6 माह में प्रमुख शेयर सूचकांक - सेंसेक्स और निफ्टी सात प्रतिशत तक चढ़ सकते हैं। वर्ष 2023 में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 11,399.52 अंक या 18.73 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 3,626.1 अंक या 20 प्रतिशत की तेजी हुई।

विश्लेषकों की राय है कि लोकसभा चुनाव, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, अमेरिका और भारत में ब्याज दरों की चाल, मुद्रास्फीति के रुझान और भू-राजनीतिक हालात शेयर बाजार के लिए प्रमुख कारक होंगे। उन्होंने कहा कि बाजार 2024 के आम चुनावों में बहुमत के साथ भाजपा सरकार की वापसी चाहता है। मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रिब्यूशन ने एक टिप्पणी में कहा कि लोकसभा चुनाव और उसके बाद पहले आम बजट पर सभी की नजर रहेगी। ब्याज दर में किसी भी कटौती से बाजार को अतिरिक्त बढ़ावा मिलेगा। इस साल यानी 2023 में शेयर बाजार के निवेशकों की पूंजी में 81.90 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी हुई।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के चेयरमैन राकेश मेहता ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और हाल में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की बढ़त ने निवेशकों की भावना को और बल दिया है।



### विदेशी कोषों की खरीदारी बढ़ी

मेहता ने कहा, एक बार फिर भारतीय बाजारों में विदेशी कोषों की लिवाली बढ़ी है। उन्होंने उम्मीद जताई की मौजूदा तेजी अगले 3-6 महीनों में बनी रहेगी। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में 5-7 प्रतिशत की बढ़ोतरी तथा मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 10-15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

### राजकोषीय घाटा नवंबर में लक्ष्य का 50.7 प्रतिशत रहा

**नई दिल्ली।** सरकार का राजकोषीय घाटा नवंबर के अंत में 9.06 लाख करोड़ रुपये रहा जो समूचे वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 50.7 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में 9,06,584 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी अवधि में घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 58.9 प्रतिशत था। सरकार के व्यय और राजस्व के बीच के अंतर को राजकोषीय घाटा कहते हैं। सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 17.86 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत सरकार की नवंबर 2023 तक कुल प्राप्तियां 17.4 लाख करोड़ रुपये रहीं जो चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान का 64.3 प्रतिशत है।

**कोविड के बावजूद नए साल के जश्न को लेकर उत्साह**


# होटल उद्योग को नए साल में कमाई बढ़ने की उम्मीद

## आतिथ्य क्षेत्र कमाई में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोविड-19 के मामले फिर से बढ़ने की खबरों का नए साल का जश्न मनाने की तैयारी में जुटे लोगों की भावनाओं पर कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा है। ऐसे में होटल या आतिथ्य क्षेत्र अपनी कमाई में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा है।

होटलों में खाने-पीने के लिए आने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है, वहीं रिजॉर्ट स्थलों पर बुकिंग में भी जोरदार उछाल देखने को मिला है। होटल क्षेत्र के कुछ खिलाड़ियों ने कहा कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष में उन्हें अपने राजस्व में 19 प्रतिशत तक वृद्धि की उम्मीद है।फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा, 'कोविड के मामले बढ़ने की खबरों से जश्न की तैयारी कर रहे लोगों की भावना पर कोई असर नहीं पड़ा है। इसके अलावा आतिथ्य क्षेत्र के प्रतिष्ठान कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हैं। कुल मिलाकर भावना सकारात्मक है।' उनसे पूछा गया था कि क्या कोविड-19 के फिर उभरने से साल अंत या नए वर्ष का जश्न मनाने के लिए बुकिंग पर किसी तरह का असर पड़ा है।




### राजस्व में 19 फीसदी वृद्धि की उम्मीद

कमरों की बुकिंग में भी हम इतनी की बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं। कमरों की बुकिंग से राजस्व पर रेजेंटा और रॉयल ऑर्किड होटल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक चंदर के बालजी ने कहा, हम पिछले साल की समान अवधि की तुलना में राजस्व में 19 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर हो गया। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर हो गया था। यह किसी एक सप्ताह में हुई सर्वाधिक वृद्धि में से एक था। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.859 अरब डॉलर रहा था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

## सिर्फ चार शेयर निर्गम मूल्य से नीचे, निर्गम से कंपनियों ने 54 हजार करोड़ रुपए जुटाए

# इस साल 59 में से 54 आईपीओ ने दिया 45 फीसदी रिटर्न

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल यानी 2023 में सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गए और इनमें लगभग 20 प्रतिशत की तेजी आई। इससे शेयर बाजार के निवेशकों की पूंजी 82 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई।

शेयर बाजार में तेजी के इस रुख के बीच 2023 में कुल 59 आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आए। इनमें से 55 ने निवेशकों को औसतन 45 प्रतिशत का प्रतिफल (रिटर्न) दिया है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, 2023 का साल आईपीओ निवेशकों के लिए अप्रत्याशित वर्ष साबित हुआ।

### कंपनियों का बेहतरीन प्रदर्शन

इस साल 59 कंपनियां सूचीबद्ध हुईं और उन्होंने 54,000 करोड़ रुपये जुटाते हुए निर्गम मूल्य से औसतन 45 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया। इसका मतलब है कि दो-तिहाई से ज्यादा कंपनियों ने शेयर बाजार से बेहतरीन प्रदर्शन किया।




### सिर्फ चार आईपीओ नुकसान में रहे

इस साल आए सभी 59 आईपीओ औसतन लगभग 26.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुए। 29 दिसंबर तक इन आईपीओ पर रिटर्न लगभग 45 प्रतिशत रहा। 59 में से सिर्फ चार आईपीओ ही 29 दिसंबर को अपने निर्गम मूल्य पर नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे।

### 23 आईपीओ में 50 फीसदी से अधिक वृद्धि

सूचीबद्ध होने के बाद से 59 में से 23 आईपीओ में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और उनमें से नौ ने निर्गम मूल्य पर दोगुना से अधिक लाभ दिया। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लि. (इरेडा) है, जिसने 29 नवंबर को सूचीबद्ध होने के दिन 32 रुपये की निर्गम कीमत पर 221.3 प्रतिशत की बढ़त हासिल की।

### टाटा टेक्नोलॉजीज का सबसे अच्छा प्रदर्शन

टाटा टेक्नोलॉजीज सूचीबद्ध होने के दिन 500 रुपये के निर्गम मूल्य पर तीन गुना उछाल के साथ दूसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनी है और अब भी कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य पर 136 प्रतिशत से अधिक ऊपर है। रियल्टी कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने 385 रुपये के निर्गम मूल्य पर 128 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

### निर्गम की दृष्टि से चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर

चीन में इस साल विभिन्न कंपनियों ने 240 निर्गम के जरिये 60 अरब डॉलर से अधिक की राशि जुटाई है। ऐसे में सार्वजनिक निर्गम की दृष्टि से चीन के बाद दलाल पथ दूसरे स्थान पर रहा है।

# 2023: एआई का मुख्यधारा में प्रवेश

## भारत डेटा गोपनीयता, उपयोगकर्ता सुरक्षा पर हुआ सख्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2023 में प्रौद्योगिकी का विकास अभूतपूर्व रफ्तार से हुआ। इस दौरान भारत ने डेटा गोपनीयता और भंडारण पर नए कानून बनाए। इसके साथ ही उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और बड़ी कंपनियों के लिए अनुपालन ढांचे को परिभाषित करने के लिए सख्ती बढ़ाई गई। वर्ष 2023 में कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर उत्साह और आश्चर्य के बीच ओपनएआई के चैटजीपीटी की लोकप्रियता और डीपफेक पर भारत की कार्रवाई ने सभी का ध्यान खींचा। भारत ने डिजिटल संप्रभुता पर जोर दिया और सोशल मीडिया तथा बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर सख्ती की।

**अनुपालन ढांचे को परिभाषित करने सख्ती बढ़ाई गई**

डिजिटल क्षेत्र में उभर रहे नए जोखिमों से 'नेटिजन्स' को सुरक्षित रखने का भारत का संकल्प स्पष्ट था। सरकार निर्णायक रूप से नियमों और कानूनों को तैयार करने के लिए आगे बढ़ी। इस तरह भविष्य के लिए एक ऐसा ढांचा तैयार हुआ, जो भारत में न केवल डिजिटल व्यक्तिगत डेटा की रक्षा करेगा, बल्कि डिजिटल और सोशल मीडिया मंचों के लिए सख्त जवाबदेही तय करके एक मुक्त, सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट भी सुनिश्चित करेगा। रश्मिका मंदाना सहित चर्चित हस्तियों को निशाना बनाने वाले कई 'डीपफेक' वीडियो वायरल होने के बाद सरकार ने सोशल मीडिया मंचों के साथ सख्ती से बात की।

### कंपनियों पर दबाव रहा

वैश्विक स्तर पर, व्यापक आर्थिक संकट और वृद्धि संबंधी चुनौतियों ने बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर दबाव बनाया। ऐसे में इन कंपनियों ने खर्च में कटौती की और 2023 की शुरुआत में बड़े पैमाने पर छंटनी का सहारा लिया। छोटी अवधि के वीडियो की बढ़ती लोकप्रियता और हर अवसर के अनुरूप ऐप तथा मीम्स के चलन से सोशल मीडिया में हलचल जारी रही।

## खबर संक्षेप

### बसंत पंचमी को नामदेव धर्मशाला में होगा समारोह

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित नामदेव धर्मशाला में रविवार को नामदेव सभा की बैठक प्रधान मनीराम व उपप्रधान जोगीराम की अध्यक्षता में हुई। सभा के प्रेस सचिव विनोद रोहिल्ला ने बताया कि बैठक में बसंत पंचमी पर नामदेव धर्मशाला में भव्य समारोह किया जाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन मा. प्रताप सिंह, एडवोकेट हरपाल, सत्यापन किरोड़ी, एडवोकेट अरविंद, सत्यवीर चिड़ौद आदि उपस्थित थे।

### संगीतमय श्रीसुंदरकांड पाठ आज

**हिसार।** श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नव वर्ष के अवसर पर 01 जनवरी को संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। पीठ के प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन एक जनवरी को दोपहर बाद 3:30 बजे से लेकर प्रभु इच्छा तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ निशा शर्मा एंड पार्टी की ओर से किया जाएगा।

### पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन

**हिसार।** बालसमंद रोड स्थित विश्वकर्मा कालोनी में स्व. अर्जुन लाल आर्य की 33वीं पुण्यतिथि पर हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद ओमप्रकाश, सीताराम आर्य, नितेश कुमार, तनवी आर्य, पूर्व सूचना आयुक्त चन्द्र प्रकाश ने हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर अर्जुनलाल के अनुज मोहर सिंह, राज्यसभा सांसद स्व. रामजीलाल के पुत्र सुभाष चन्द्र, रामस्वरूप, पूर्व सरपंच जयप्रकाश आदि मौजूद थे। इस अवसर पर आचार्य पं. रामस्वरूप शास्त्री कुलपति गुरुकुल आर्यनगर ने जन्म मृत्यु, कर्मफल के अनुसार ईश्वरीय व्यवस्था से मानव जन्म की प्राप्ति आदि विषय को लेकर उपदेश किया।

### फुटबाल मैच का आयोजन

**हिसार।** यूथ एंगेजमेंट कार्यक्रम के तहत मगाली चौकी पुलिस ने खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए मंगाली आकलान और मंगाली झारा दोनों गांवों की टीमों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया। इसमें मंगाली आकलान की टीम विजयी हुई। चौकी प्रभारी एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि खेल फुटबॉल मैच के दौरान ग्रामीण युवाओं नशे के खिलाफ और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

### सर्व कर्मचारी संघ ने शुरू किया पोल खोल अभियान

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक हिसार के पदाधिकारियों ने पोल खोल अभियान के तहत गांव मिजापुर, रायपुर व ढाणी रायपुर में ग्रामीणों से संपर्क किया और सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में जागरूक किया। अभियान की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल ने की तथा संचालन ब्लॉक सचिव विनोद प्रभाकर ने किया। सर्व कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि सरकार सार्वजनिक ढांचे को बर्बाद कर उसका निजीकरण करने पर तुली ली हुई है। चिराग योजना और स्कूल मर्जर स्कीम के तहत सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है।

## प्रथम चरण के कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि मंजूर : मेयर

# निकाय मंत्री ने रखी देश के सबसे अत्याधुनिक ग्रीन इको फ्रेंडली श्मशान घाट की आधारशिला

पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





**हिसार।** अत्याधुनिक शमशान घाट का डिजाइन देखते मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना व अन्य था शिलान्यास करते मंत्री व मेयर। *फोटो : हरिभूमि*

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने रविवार को ऋषि नगर में बनने वाले देश के सबसे अत्याधुनिक ग्रीन इको फ्रेंडली शमशान भूमि की आधारशिला रखी। सभी निर्माण कार्यों के उपरांत यह देश का आधुनिकतम श्मशान घाट होगा। अभी तक इस तरह के श्मशान घाट दक्षिण भारत में हैं, लेकिन हिसार का प्रोजेक्ट सबसे बेहतर होगा। तीन चरणों में पूरे होने वाले इस प्रोजेक्ट पर लगभग 20 करोड़ रुपए राशि खर्च होने का अनुमान है। मेयर गौतम सरदाना ने इस अवसर पर बताया कि इस शमशान भूमि परिसर में प्रथम चरण के कार्यों के लिए नगर निगम द्वारा 10 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। उन्होंने 10 करोड रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने पर नगर निगम के सभी पार्षदों का आभार जताया और कहा कि राजघाट, शक्ति स्थल, शांतिवन जैसे सुंदर स्थल बनाकर यहाँ दिवंगत आत्माओं को सम्मानजनक अंतिम विदाई दी जा सकेगी। गौतम सरदाना ने मेयर के रूप में अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा भी लोगों के समक्ष रखा।

### एक एकड़ भूमि हस्तांतरित करने के दिए निर्देश

शिलान्यास समारोह में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने जिला नगर आयुक्त प्रदीप दहिया को सेक्टर 14 के साथ लगती हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की लगभग एक एकड़ भूमि को नगर निगम को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बात करके इस जगह को नगर निगम को हस्तांतरित करवा देंगे ताकि आधुनिक शमशान भूमि में इस जगह का भी इस्तेमाल हो सके।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व मंत्री हरि सिंह सैनी, जिला नगर आयुक्त प्रदीप दहिया, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल मानी, डिप्टी मेयर जयवीर गुज्जर, ब्रह्माकुमारी रमेश बहन जी, ऋषि नगर शमशान भूमि सुधार समिति के प्रधान महावीर सैनी, राकेश अग्रवाल, ईश्वर सैनी नाटा, प्रवीण पोपली, प्रवीण जैन, लोकेश असीजा, सुरेश गोयल धूपवाला, रामचंद्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### कई धर्म में मृत्यु पश्चात शव दाह की परम्परा

हिंदू सहित कई धर्म में मृत्यु पश्चात शव दाह की परम्परा है। वैज्ञानिक दृष्टि से इसे शव दफनाने की अपेक्षा बेहतर समझा जाता है लेकिन एक दाह संस्कार में दो से तीन पेड़ों की लकड़ी का इस्तेमाल होता है, जो पर्यावरण के दृष्टिगत चिंतनीय विषय है। एक अनुमान के अनुसार भारत में दाह संस्कार के लिए प्रतिवर्ष तीन से चार करोड़ पेड़ों को काट दिया जाता है इसे हर वर्ष 1500 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र समाप्त हो जाता है। ऋषि नगर में मोक्षदा हरित शवदाह प्रणाली गौ-कास्ठ, गोवंश के गोबर व हवन सामग्री युक्त ठोस लकड़ी, सीएनजी तथा पीएनजी तकनीक आधारित होगी। इससे पेड़ और पर्यावरण दोनों को बचाया जा सकेगा। इससे न सिर्फ पर्यावरण साफ होगा, बल्कि गोशालाएं आत्मनिर्भर भी बनेंगी। गोकस्थ, पराली इत्यादि के मिश्रण वाली इस तकनीक से शमशान भूमि को संस्कार के लिए सामग्री उपलब्ध करवाने वाली ट्रस्ट/संस्था को कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने 11-11 लाख रुपए की राशि देने की अग्रिम घोषणा की।



हिसार। लुधियाना के लिए रवाना होते पैदल यात्री। *फोटो : हरिभूमि*

## बाबा बालक नाथ की 30वी पैदल यात्रा लुधियाना के लिए रवाना

- बाबा के जयकारों से गूंजा बाबा बालकनाथ मंदिर
- प्रभु की भक्ति के बिना मनुष्य जीवन व्यर्थ : रामचरण गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

तरसेम नगर स्थित बाबा बालकनाथ एवं दुर्गा माता मंदिर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30वीं पैदल यात्रा रविवार अलसुबह मंदिर प्रांगण से लुधियाना के लिए रवाना हुई। ठंड और धुंध के बावजूद श्रद्धालुओं में काफी जोश और उत्साह था। श्रद्धालु मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता के नेतृत्व में बाबा बालकनाथ के जयकारे लगाते हुए रवाना हुए। श्रद्धालुओं की पैदल यात्रा में पुरुषों के अलावा महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे।

पैदल यात्रा के रवाना होने के दौरान मंदिर प्रांगण बाबा के जयकारों से गूंज उठा। हर वर्ष लुधियाना के लिए जाने वाली श्रद्धालुओं की पैदल यात्रा दिसम्बर माह के अंतिम रविवार की अलसुबह रवाना होती है और नववर्ष के पहले शनिवार को लुधियाना मंदिर पहुंचती है।

### परमात्मा की भक्ति सही मार्ग पर चलना सिखाती

रामचरण गुप्ता ने कहा कि प्रभु की भक्ति में लगाया गया एक-एक पल जिंदगी में काम आता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा की भक्ति हमें सही मार्ग पर चलना सिखाती है, वहीं हमारे मन के अंदर गलत विचारों को भी आने से रोकती है। रामचरण गुप्ता ने कहा कि पैदल यात्रा बरवाला, टोहाना, मूनक, लहरागागा, सुनाम, संगरूर मलेरकोटला, डेलोरंगिया होते हुए लुधियाना स्थित बाबा बालकनाथ एवं दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में 6 जनवरी को पहुंचेगी। लुधियाना मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर भगत संजीव कुमार जी श्रद्धालुओं को प्रवचन देंगे। इसके बाद अगले दिन 7 जनवरी को श्रद्धालु भगत संजीव कुमार के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के शाहतलाई में बाबा बालकनाथ की गुफा के दर्शन करेंगे। बाबा बालकनाथ की गुफा पर रात को श्रद्धालुगण सत्संग करेंगे। रामचरण गुप्ता ने बताया हर वर्ष नए साल पर पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है।

# इटली की रोड शिपिंग मशीन करेगी शहर के रोड़ों की सफाई : डॉ. गुप्ता

- दोनों संसाधनों से शहर में सफाई और बेहतर होगी : मेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





**हिसार।** जेसीबी व शिपिंग मशीन को झंडी दिखाकर रवाना करते मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, मेयर गौतम सरदाना व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व मेयर गौतम सरदाना ने रविवार को नगर निगम कार्यालय से रोड शिपिंग मशीन व जेसीबी को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस दौरान अधिकारी व पार्षद भी उपस्थित रहे। निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि हिसार नगर निगम दिन प्रतिदिन विकास के कार्य करवा रहा है। इसमें पूरे शहर में तिरंगा लाइट लाइट, चौकों का सौंदर्यकरण, सड़कों के साथ-साथ सफाई का भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर रहा है और रोड स्वीपिंग का काम भी हो रहा है। नगर निगम ने इटली से रोड शिपिंग मशीन ली है जो शहर के मुख्य रोड के साथ-साथ छोटी गलियों में भी कार्य आसानी से किया जा सकेगा। मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि नगर निगम में एक जेसीबी व रोड स्वीपिंग मशीन अभी खरीदी है। नगर निगम का हमेशा प्रयास रहा है कि शहरवासियों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिले। दोनों संसाधनों से शहर में सफाई और बेहतर होगी। जेसीबी की सहायता से कचरे का उठान किया जाएगा वहीं रोड शिपिंग मशीन की सहायता से शहर के रोड की सफाई की जाएगी। निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि रोड शिपिंग मशीन इटली से मंगवाई गई है जिसकी कीमत 90 लाख रुपए है और एक जेसीबी खरीदी गई है जिसकी कीमत 35 लाख 40 हजार रुपए है।

### चालक धुंध में सावधानी से चलाएं वाहन : हांडा

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने वाहन चालकों को धुंध के समय में और भी अधिक सतर्कता से वाहन चलाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि धुंध और कोहरे के दौरान वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की पालना के साथ एहतियाती उपायों की भी अनुपालना करनी चाहिए। इससे वे स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरों को भी सुरक्षित रखेंगे। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने धीमी और रक्षात्मक तरीके से वाहन चलाने पर बल देते हुए कहा है कि वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन नहीं चलाना चाहिए। ड्रिंक एंड ड्राइव का मामला प्रकाश में आने पर उनके खिलाफ पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अपना वाहन सड़क पर ऐसे स्थान पर पार्क न करें जहां दुर्घटना होने का अंदेशा हो। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें व ट्रिपल राइडिंग से बचें।

# स्वामी श्रद्धानंद को भारत सरकार भारत रत्न से सम्मानित किया जाए : स्वामी आदित्यवेश

- गुरुकुल परम्परा को पुन: प्रारम्भ करने का श्रेय स्वामी श्रद्धांनंद को जाता : स्वामी आर्यवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार।** गुरुकुल धीनवास के प्रधान आदित्यवेश का अभिनंदन करते हुए गुरुकुल के कुलपति स्वामी आर्यवेश व गुरुकुल के पदाधिकारीगण। *फोटो : हरिभूमि*

सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश ने केंद्र सरकार से मांग की है कि स्वामी श्रद्धानंद को भारत रत्न सम्मान दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने जहां आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वहीं गुरुकुल कांगड़ी कि स्थापना करके लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को चुनौती दी।

स्वामी आदित्यवेश रविवार को गुरुकुल धीरणवास के 51वें वार्षिक उत्सव तथा स्वतंत्रता सेनानी स्वामी श्रद्धानंद के 97वें बलिदान दिवस पर गुरुकुल धीरणवास में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1919 के जालियावाला बाग हत्याकांड के बाद दोबारा आंदोलन प्रारम्भ करने में स्वामी जी की अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होने हिंदी भाषा, संस्कृति, सभ्यता, वेद, राष्ट्रवाद आदि के उत्थान के के लिए कार्य किया।

इस अवसर पर सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने कहा कि गुरुकुल परम्परा को पुनः प्रारम्भ करने का श्रेय स्वामी श्रद्धांनंद को जाता है। उन्होंने गुरुकुलों के माध्यम से आजादी के आंदोलन के लिए क्रांतिकारियों को तैयार करने का कार्य किया। चरित्रवान युवाओं का निर्माण गुरुकुलों से ही संभव है। स्वामी आर्यवेश ने कहा कि देश कि आजादी के आंदोलन मे आर्य समाज की सबसे बड़ी भूमिका रही है।



### मिलेनियम स्कूल में कब बुलबुल व स्काउट गाइड प्रशिक्षण आयोजित

**हिसार।** राजगढ़ रोड स्थित मिलेनियम पब्लिक स्कूल में रविवार का दिन विशेष उत्साह से भरा रहा। कारण था कक्षा तीन से पांचवीं तक के बच्चों के लिए कब और बुलबुल तथा कक्षा 6 के बच्चों के लिए स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण शिविर। पहला प्रशिक्षण शिविर आज स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस शिविर में भारत स्काउट तथा गाइड द्वारा प्रशिक्षित श्रीमती सुशील जांगड़ा और श्रीमती सरोज कुमारी ने बच्चों को कब तथा बुलबुल और स्काउट और गाइड का परिचय दिया। उनका झंडा झंडे का गीत तथा शपथ बच्चों को विभिन्न गतिविधियां भी कराई गई। बच्चे पूरे उत्साह से भरे नजर आए तथा उन्होंने कुछ अलग सा महसूस किया। प्राचार्य श्रीमती रुबिका खेड़ा के अनुसार अगर हमने अपने बच्चों को एक अनुशासित नागरिक और देश के प्रति समर्पित बनाना है तो यह प्रशिक्षण उसकी एक नव माना जा सकता है।

# खेलों से शरीर रहता स्वस्थ : मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला



**बरवाला।** खेलकूद प्रतियोगिता में करवाई जा रही दौड़ में भाग लेती महिलाएं।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राजीव गांधी खेल परिसर अग्रोहा में विभिन्न प्रकार की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त महिलाओं को बतौर मुख्य अतिथि सीडीपीओ मीना नागपाल ने पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 प्रकार के खेल करवाए गए जिसमे 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं के लिए आलू चमच रेस, मटका रेस, 100 मीटर दौड़ व 18 से 30 साल की महिलाओं के 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ व 5 किलोमीटर साईकिल रेस करवाई गई। मुख्य अतिथि सीडीपीओ मीना नागपाल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं। जिसके सार्थक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। विभाग द्वारा भी समय समय पर इस तरह के आयोजन करके महिलाओं की प्रतिभा को उभारने का काम किया जाता है। खेलों से शरीर स्वस्थ व निरोग रहता है और व्यक्तित्व में निखार आता है। सुपरवाइजर भावना ने कहा कि इस तरह के खेलों में ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक हिस्सा लेना चाहिए। खेलों से एक तरफ स्वास्थ्य बेहतर बनता है वहीं दूसरी तरफ अन्य महिलाऐं भी जागरूक होती है। सभी महिलाओं को खेलों, व्यायाम व योगा को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।



### प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का देशवासियों को रहता है पूरे माह इंतजार : रतेरिया

**हांसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 108वें एपिसोड को हांसी विधानसभा के बूथ नं 86 पर बूथ के भाजपा कार्यकताअरं ने एकत्रित होकर सुना। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख एवं भाजपा हिसार जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का देशवासियों को पूरे माह इंतजार रहता है क्योंकि यह कार्यक्रम ज्ञान का खजाना है। इस कार्यक्रम से माध्यम से न केवल हमारा ज्ञान वर्धन होता है अपितु समाज मे छुपे हुए अनगिनत व्यक्तित्व के बारे मे भी हमे पता चलता है। इस अवसर पर प्रवीण सिंगला, कृष्ण यादव, देवी सैनी, सोनू यादव, आनंद वर्मा, आकाश वर्मा, सिंटू जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

## प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर पहुंची अक्षत कलश यात्रा

# पूजित अक्षत कलश के दर्शन को उमड़े ग्रामीण

- जय श्रीराम के जयघोष के साथ प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर पहुंची अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




**हिसार।** पंचग्रामी में उपस्थित संत समाज व ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पंचग्राम पाबड़ा के निवासियों में उत्साह का माहौल है। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश के दर्शन करने एवं अक्षत कलश यात्रा में पंचग्राम पाबड़ा व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय मंत्री स्वामी श्री कृष्णानंद जी के सान्निध्य व गैबी साहब आश्रम किनाला के संचालक स्वामी श्री जयदेव गिरी जी की अध्यक्षता में पंचग्रामी चबूतरे से कलश यात्रा शुरू हुई। इस यात्रा में स्वामी अमृतानंद जी, स्वामी जितेंद्रानंद जी, स्वामी ब्रह्मानंद जी, महंत आनंद शास्त्री जी, स्वामी चंद्रदेव जी व साध्वी सुजाता कृष्णचंद्र देव जी भी उपस्थित रहे। पंचग्रामी चबूतरे पर श्रीराम मंदिर की कारसेवा में विशेष भूमिका निभाने वाले गांव पाबड़ा निवासी पृथ्वी सिंह सिंहमार को सम्मानित किया गया।

### पंचग्रामी चबूतरे से शुरू हुई अक्षत कलश यात्रा

श्रीराम की ध्वजा थामे हुए श्रद्धालुओं ने पंचग्रामी चबूतरे से अक्षत कलश यात्रा शुरू की और यह यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए पाबड़ा में ही स्थित प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर पहुंची। यहां पर मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, सुनील नारंग, बिजेंद्र किनाला, आचार्य बजरंग शास्त्री, कीर्तिरमन शर्मा, कुलदीप फरीदपुर, संदीप मलिक, जगबीर कुंडू पूर्व सरपंच फरीदपुर, भरत सिंह वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, सुनील तायल, सुरेश तायल, टेकचंद कुंडू, मेवासिंह कुंडू, प्रवीन ढिल्लो, जयप्रकाश गोयल दिल्ली, बलराज वर्मा व गुलाब कंडूल सहित काफी गणमान्य लोगों ने यात्रा का स्वागत व सत्कार किया। इस दौरान मां चण्डके देवी मंदिर जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। पूरे विधि-विधान से अक्षत कलश को मंदिर में स्थापित किया गया।

# नशा छोड़ कर नए जीवन की शुरुआत करें युवा

- कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दिलाई नशा न करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** विद्यार्थियों को संबोधित करते काउंसलर राहुल शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हांसी उपमंडल स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर एवं सिविल अस्पताल से काउंसलर राहुल शर्मा मुख्य अतिथि रहे। राहुल शर्मा ने नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए बताया कि हम सभी का कम उम्र से लेकर युवा अवस्था तक सबसे ज्यादा समय हमारा शैक्षणिक संस्थान में निकलता है। यहीं से हम शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा को सीखने के साथ-साथ सही और गलत की पहचान करना भी सीखते हैं। उन्होंने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सबसे ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम स्कूल, कॉलेज तथा यूनिवर्सिटी में किये जा रहे है ताकि युवा में बच्चों को नशा से बचाया जा सके। उन्होंने कार्यक्रम में आए अभिभावकों से निवेदन किया कि बच्चों को कोई ऐसी कोई फिल्म ना दिखाएं, जिसका उनके ऊपर गलत प्रभाव पड़े।

## बंद फैक्ट्री का ताला तोड़ 20 हजार का सामान चोरी

**हांसी।** शहर में चोरी की वारदातें रूकने का नाम नहीं ले रही है। चोर पुलिस की सुरक्षा के दावों को धताते बताते हुए लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते हैं। इसी कड़ी में अज्ञात चोर रामसिंह कालोनी में स्थित एक बंद फैक्ट्री को निशाना बनाते हुए हजारों रुपए का सामान चुराकर ले गए। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक राघव शर्मा की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। 26 दिसंबर की रात्रि को अज्ञात चोरों ने फैक्ट्री का ताला तोड़कर फैक्ट्री में प्रवेश किया और फैक्ट्री में रखी एलईडी टीवी, डीवीआर, गैस सिलेंडर, पानी की मोटर व एक समरसीबल पंप चुरा कर ले गये। फैक्ट्री से चोरी किया गये सामान की कीमत लगभग 20 हजार रुपए है।







# टेलीग्राम पर ऑनलाइन काम देने के नाम पर सवा छह लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर की एक महिला को टेलीग्राम पर ऑनलाइन काम मांगना महंगा पड़ गया। साइबर अपराधियों ने महिला को टेलीग्राम पर ऑनलाइन काम देने के नाम पर 6 लाख 24 हजार से ज्यादा की ठगी कर ली। ठगी की शिकायत साइबर पुलिस को दी गई है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने ठगी की इस घटना का जिक्र करते हुए कहा है कि नागरिकों को साइबर क्राइम के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। साइबर ठगी के मामले हर दिन देखने को मिल रहे है। साइबर अपराधी लगातार नागरिकों को अलग अलग तरीके से स्कैम में फंसा कर ठगी कर रहे है।

### महिला से इस तरह हुई ठगी

इसी के चलते हिसार निवासी एक महिला से ऑनलाइन काम देने के नाम पर 6 लाख 24 हजार 259 रुपए की ठगी हुई है। महिला ने शिकायत में बताया कि वो एक गृहणी है। गत 17 अगस्त को उसके टेलीग्राम नंबर पर किसी प्रिय अपत्य के नाम से ऑनलाइन रेट रिवाइज (वर्क फ्रॉम होम) का मैसेज आया और कॉलर ने उस से जन्मतिथि, काम करने के बारे में, एड्रेस जैसी डिटेल मांगी। कॉलर ने उसे कुछ पैसे कमाने के लिए फुल टाइम व पार्ट टाइम काम करने बारे पूछा तो पीड़ित महिला ने कॉलर को पार्ट टाइम काम करने बारे कहा।

### ये आया महिला के पास मैसेज

कुछ समय बाद विशाल सिंह नाम के टेलीग्राम से पीड़ित महिला के पास टेलीग्राम पर मैसेज आया और मैसेज भेजने वाले ने होटल की ऑनलाइन रेटिंग देने तथा कमीशन इत्यादि बारे मैसेज करते हुए एक लिंक भेजते हुए महिला को उसमें लॉगिन के लिए कहा। पीड़ित महिला के अकाउंट में लिंक पर लॉगिन कर होटल को रेटिंग देने के नाम पर 1123 रुपए प्राप्त हुए।

### विश्वास के बाद हुआ घात

इसके बाद पीड़ित माहिला को मैसेज भेजने वाले पर विश्वास हो गया कि वे सही लोग है। पीड़ित के पास मैसेज भेजने वाले ने महिला की आईडी को रिचार्ज करवाने के नाम पर अलग अलग डेट पर कुल 6 लाख 24 हजार 259 रुपए ठग लिए और टेलीग्राम चैट और नंबर को डिलीट कर दिया। महिला ने यह राशि अपने रिश्तेदारों और दोस्तों से उधार ली थी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना केस दर्ज किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### महिला की आईडी बनाकर पैसे भेजे, विश्वास जमाया

*इसके बाद मैसेज भेजने वाले द्वारा महिला की एक आईडी बनाई गई और महिला से कहा कि इस आईडी अकाउंट को 10 हजार से रिचार्ज करके रेटिंग रिजेर्वेशन करते हैं तो इसके बदले महिला को बोनस मिलेगा। महिला ने मैसेज भेजने वाले के कहे अनुसार एक अकाउंट में 10 हजार रुपए जमा करवा दिए। थोड़ा काम और करने के बाद महिला के खाते में 16446 रुपए बोनस सहित आ गए। 19 अगस्त को महिला ने फिर से मैसेज भेजने वाले के अकाउंट में 10 हजार और 24 हजार 481 रुपए भेज उनके द्वारा बनाई गई आईडी को रिचार्ज करवा काम पूरा किया तो महिला के खाते में बोनस सहित 43 हजार 135 रुपए प्राप्त हुए।*

### आसान काम के बदले नहीं मिल सकते पैसे

पुलिस अधीक्षक के अनुसार सबसे पहले हमें यह याद रखना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति आपको किसी आसान काम को करने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं देगा। अगर आपको टेलीग्राम या किसी भी सोशल मीडिया पर इस तरह के लिंक या मैसेज आते है तो हमेशा उन्हें ब्लॉक कर रिपोर्ट करें। इसके अलावा, कभी भी अपनी व्यक्तिगत पहचान, जैसे आधार नंबर, बैंक अकाउंट, ओटीपी या किसी भी तरह की जानकारी किसी अनजान के साथ शेयर न करें। किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 पर कॉल करे और नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दें।

### यह बोले एसपी मोहित हांडा

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि इस तरह की धोखाधड़ी करने वाले लोग टेलीग्राम पर लोगों को टास्क में यूट्यूब वीडियो को लाइक करना और देखना, कोई फॉर्म भरना, अलग-अलग प्रॉपर्टी पर 5-स्टार रेटिंग और कभी-कभी गुगल और बाकी प्लेटफार्म पर रिव्यू लिखने जैसे आसान काम को पूरा करने के लिए कह अच्छी इनकम का ऑफर देते है। उनके द्वारा स्कैम तब शुरू होता है जब पीड़ित को बताया गया कि टास्क खत्म होने पर उनको कुछ प्रीमियम चार्ज देना होगा, जो बाद में कमाई के साथ लौटा दिया जाएगा।

## ठगी करने वाला दूसरा आरोपित काबू

**हांसी।** ढाणी कुतुबपुर स्थित डेरा सच्चा सौदा के महाराज से बागवानी लगाने के नाम पर 4 युवकों ने 2 लाख 90 हजार रुपए की ठगी के मामले में करीब तीन साल बाद एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपित की पहचान गौरव कुमार निवासी लुहिचा थाना बिलासपुर जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित को कोर्ट में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपित से पूछताछ की जाएगी।

## 46 बोतल अवैध शराब सहित चार काबू

**हिसार।** अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए आदमपुर पुलिस ने शिव चौक सीसवाल से एक युवक को अवैध शराब सहित काबू किया है। एएसआई दलबीर सिंह ने बताया दीवान सिंह से 13 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। मंगाली आकलान निवासी जगदीश को 8 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया। 11 बोतल अवैध शराब सहित झील, जींद निवासी दलबीर उर्फ माकड़ ककाे पकड़ा। 14 बोतल अवैध शराब सहित शिव कॉलोनी निवासी नरेंद्र कुमार बताया।

# नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ चालकों का प्रदर्शन


**हिसार।** हिट एंड रन कानून के विरोध में प्रदर्शन करते ट्रक चालक व यूनियन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**हांसी।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज राठी ने आरोप लगाया है कि केन्द्र सरकार अंग्रेजी शासन के नक्शे कदम पर चल पड़ी है। हाल ही के लोकसभा सत्र में सरकार ने चालकों के लिए जो कानून बनाया है, वो पूरी तरह से जनविरोधी, चालक विरोधी व चालकों का रोजगार छीनने वाला है।

- अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रही सरकार ने बनाया चालक विरोधी काला कानून : राठी

हांसी में इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे चालकों का समर्थन करते हुए मनोज राठी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने दुर्घटनाएं कम करने का हवाला देकर जो कानून बनाया है, वह उचित नहीं है और केवल मात्र वाहन चालकों का गला घोंटने वाला है। वास्तव में केन्द्र सरकार अंग्रेजी शासन के नक्शे कदम पर चल पड़ी है और बहुमत के नाम पर मनमानी चला रही है, जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के नए कानून के अनुसार ट्रक, चालक, बाइक चालक, बस चालक सहित किसी भी तरह का वाहन चलाने वाला व्यक्ति इसके दायरे में आएगा और इससे देश की 90 प्रतिशत जनसंख्या प्रभावित होगी। कानून के तहत यदि किसी चालक से कोई दुर्घटना हो जाती है और ऐसे में यदि वह मौके भाग जाता है तो उसे 10 साल कैद की सजा होगी। कोई भी चालक मनमानी करके दुर्घटना नहीं करता और दुर्घटना के पीछे परिस्थितियां देखी जानी चाहिए। यदि कोई चालक मौके से भागता है तो उसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान सरकार ने कर दिया और यदि परिस्थितिवश कोई मौके से दूर नहीं होता तो हो सकता है कि लोगों की भीड़ उस चालक को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दें। ऐसे में सरकार ने चालकों के लिए आगे कुआं पीछे खाई वाली कहावत चरितार्थ कर दी है।







# एडीजीपी श्रीकांत जाधव का बनाया फर्जी फेसबुक प्रोफाइल

**हिसार।** साइबर अपराधियों द्वारा आए दिन साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। ये झांसे में लेकर आम नागरिकों को तो ठगते ही हैं लेकिन अब पुलिस अधिकारियों को निशाने पर ले लिया है। इसी कड़ी में हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव का फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित को राजस्थान के अलवर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार अलवर से एक शातिर युवक को पकड़ा गया है। उसने फेसबुक पर एडीजीपी का फर्जी प्रोफाइल बनाया था। गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। एडीजीपी कार्यालय से प्राप्त शिकायत के बाद साइबर क्राइम थाना में शनिवार को केस दर्ज किया गया था। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार ने बताया कि हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव की फेसबुक की फर्जी प्रोफाइल बनाकरर उक्त शातिर युवक नागरिकों से रुपए ठगने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने अलवर जिले के ककराली निवासी 19 वर्षीय तनवीर को अलवर से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित ने एजीडीपी की फोटो का प्रयोग करके उनके ही नाम से एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाई और उनके फोटो को उस फर्जी प्रोफाइल पर अपलोड करने लगा। इसके बाद आरोपित युवक एडीजीपी की फोटो पर कॉमेंट्स करने वालों के पास फ्रेंड्स रिक्वेस्ट भेजने लगा। एडीजीपी की फोटो देखकर रिक्वेस्ट एक्सेप्ट होने पर वह उन्हें कहता कि उनके दोस्त जो आर्मी में किसी बड़े पद पर है उनकी ट्रांसफर हो गई और कीमती फर्नीचर और अन्य सामान वे बेच रहे हैं। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि एडीजीपी के कार्यालय से प्राप्त शिकायत पर केस ददर्ज करके आरोपित तनवीर को गिरफ्तार करके तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उसने एडीजीपी जैसे शीर्ष अधिकारी का फर्जी प्रोफाइल क्यों बनाया और इसके पीछे क्या मकसद था, पुलिस इन तमाम पहलुओं के बारे में उससे पूछताछ कर रही है।

- साइबर टीम ने अलवर से आरोपित को किया गिरफ्तार


**हिसार।** साइबर पुलिस द्वारा पकड़ा गया एडीजीपी का फर्जी प्रोफाइल बनाने का आरोपित।

